रेल मंत्रालय

निजी ट्रेनें चलाए जाने के सटीक समय के बारे में स्पष्टीकरण

प्रविष्टि तिथि: 19 JUL 2020 12:43PM by PIB Delhi

मीडिया के एक वर्ग में 'निजी ट्रेनों का परिचालन शुरू करने का निर्धारित समय' शीर्षक से छपी समाचार रिपोर्ट पर कृपया गौर करें, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि 'निजी ट्रेन परियोजना मार्च 2024 में शुरू होगी।'

वैसे तो इस संबंध में स्पष्टीकरण कल यानी 18 जुलाई 2020 को ही मीडिया ग्रुप को बाकायदा दे दिया गया था, जिसे एक बार फिर दोहराया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि निजी रेलगाड़ियों को मार्च 2023 से चलाना निर्धारित किया गया है।

इससे संबंधित निविदाओं को मार्च 2021 तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा और ट्रेनें मार्च 2023 से संचालित की जाएंगी।

यदि किसी भी वजह से कोई गलतफहमी पैदा हुई है, तो उपर्युक्त तथ्यों को ही वास्तविक सरकारी बयान माना जा सकता है।

***

एसजी/एएम/आरआरएस- 6732

(रिलीज़ आईडी: 1639744) आगंतुक पटल : 113

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Bengali , Manipuri , Tamil , Telugu , Malayalam